आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 27.02.2026
समय 07.20

मुख्य समाचारः—

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा— प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ और सुलभ बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध।
- हरिद्वार में कुंभ 2027 की तैयारियां तेज, संतों ने मूलभूत सुविधाओं को लेकर रखी मांग।
- मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने डोर—टू—डोर कूड़ा संग्रहण की गुणवत्ता सुधारने और ऑनलाइन ट्रैकिंग सिस्टम विकसित करने के निर्देश दिए।
- कुमाऊं में होली महोत्सव की धूम, अल्मोड़ा में महिला होलियारों ने दीं आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां।
- अल्मोड़ा वाहन दुर्घटना में तीन लोगों की मृत्यु, पांच घायल।

सीएम टिहरी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ और सुलभ बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से पात्र नागरिकों को निजी अस्पतालों में भी निःशुल्क उपचार की सुविधा मिल रही है।

श्री धामी टिहरी गढ़वाल के पिलखी में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार के प्रयासों से उत्तराखंड ने विकास के प्रत्येक क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है और स्वयं को अग्रणी राज्यों की श्रेणी में स्थापित किया है।

हरिद्वार कुंभ बैठक

हरिद्वार में अगले वर्ष प्रस्तावित कुंभ—2027 की तैयारियों को लेकर मेला प्रशासन ने अखाड़ों के बाद आश्रमों और मठ—मंदिरों के संतों के साथ बैठक की। मेला कंट्रोल भवन में आयोजित बैठक में साधु—संतों ने अपनी तथा आने वाले श्रद्धालुओं की आवश्यकताओं से जुड़े सुझाव और मांगें प्रशासन के समक्ष रखीं।

अपर मेला अधिकारी दयानंद सरस्वती ने बताया कि बैठक में संतों ने भूमि आवंटन, सीवर व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित मुद्दे प्रमुखता से उठाए।

महामंडलेश्वर यतींद्रानंद गिरी ने कहा कि कुंभ की तर्ज पर मेला अवधि के दौरान अखाड़ों के शिविरों को बिजली, पानी और सीवेज की निशुल्क व्यवस्था उपलब्ध कराई जानी चाहिए।

नंदा गौरा योजना भुगतान

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नंदा गौरा योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए प्रदेश की 33 हजार 251 बालिकाओं के खाते में डीबीटी के माध्यम से एक अरब पैंतालीस करोड़ तिरान्नबे लाख रुपए की धनराशि हस्तांतरित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जन्म के समय बेटा–बेटी के बीच होने वाले भेदभाव को समाप्त करते हुए, कन्या जन्म को प्रोत्साहन देने के लिए प्रदेश सरकार नंदा गौरा योजना संचालित कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार बेटियों की उच्च शिक्षा को प्रोत्साहन दे रही है, साथ ही शिक्षित होने के बाद रोजगार के लिए भी बेटियों को सरकारी सेवाओं में 30 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया जा रहा है।

डोर–टू–डोर कूड़ा संग्रहण

मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने डोर–टू–डोर कूड़ा संग्रहण की गुणवत्ता में सुधार लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कूड़े के स्रोत पर ही पृथक्करण यानी सोर्स सेग्रीगेशन को प्रभावी बनाने और कूड़ा प्रोसेसिंग की क्षमता बढ़ाने के लिए आवश्यक कार्रवाई पर जोर दिया।

मुख्य सचिव ने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट और कूड़ा निस्तारण में लगे वाहनों, उनके चालकों और कर्मचारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए ऑनलाइन ट्रैकिंग सिस्टम विकसित करने की बात कही। साथ ही ड्यूटी और वेतन आधारित ऑटो सिस्टम लागू करने को लेकर भी आवश्यक होमवर्क करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट से संबंधित वर्तमान में प्रचलित बेहतर और आधुनिक तकनीकों को अपनाते हुए उनके प्रभावी उपयोग के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने पर बल दिया।

होली

कुमाऊं और गढ़वाल मंडल के पर्वतीय क्षेत्रों में इन दिनों होली महोत्सव की धूम मची हुई है। यह उत्सव आगामी चार तारीख तक मनाया जाएगा।

इसी क्रम में अल्मोड़ा के मल्ला महल में महिला कल्याण संस्था द्वारा दो दिवसीय होली महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अल्मोड़ा, बागेश्वर और नैनीताल जिलों की महिला होली टीमों ने प्रतिभाग किया।

महिला होलियारों ने पारंपरिक वेशभूषा में सांस्कृतिक होली शोभायात्रा निकाली। इस दौरान महिलाओं ने कुमाऊनी, गढ़वाली, जौनसारी, राजस्थानी, पंजाबी और वृंदावन की होली की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।

महिला कल्याण संस्था की सचिव पुष्पा सती ने बताया कि संस्था द्वारा पिछले 36 वर्षों से लगातार होली महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

सड़क दुर्घटना

अल्मोड़ा में कल शाम एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हो गए। दुर्घटना में घायल पांच लोगों को तत्काल स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला चिकित्सालय अल्मोड़ा रेफर किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बागेश्वर से एक परिवार शादी समारोह में शामिल होकर दिल्ली लौट रहा था। इसी दौरान बसोली के समीप चुराड़ी बैंड पर वाहन अचानक अनियंत्रित हो गया और गहरी खाई में जा गिरा।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर

एनसीईआरटी की विवादित पुस्तक पर प्रतिबंध की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इस खबर पर दैनिक जागरण लिखता है– सुप्रीम कोर्ट ने बाजार में उपलब्ध पुस्तक की प्रतियां जब्त करने और डिजिटल संस्करण हटाने के दिए आदेश।

सुद्धोवाला जेल में 12 कैदी एचआईवी पॉजीटिव मिले– अमर उजाला का शीर्षक।

हवाई टिकट की खबर पर हिन्दुस्तान लिखता है– बुकिंग के 48 घंटे तक हवाई टिकट रद्द कराने पर शुल्क नहीं देना होगा।

एक अन्य शीर्षक के साथ हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है– मोदी इंस्टा पर 100 मिलयन फॉलोअर्स वाले पहले नेता